हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 6 अगस्त 2025



11 सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित






12 सीवरेज के गंदे पानी से घिरा हुडा सेक्टर, कोई सुनने वाला नहीं




# मेडिकल कॉलेज नामकरण विवाद में राव इंद्रजीत समर्थक व भाजपा सरकार के बीच गर्माई राजनीति

- धरने को स्वास्थ्य मंत्री का समर्थन, भाजपा अध्यक्ष बोले सरकार ने जो किया वह सही
- प्रदर्शनकारी एवं राव इंद्रजीत समर्थकों ने शहीद राव तुलाराम मेडिकल कॉलेज नामकरण नहीं करने पर कॉलेज को ताला जड़ने की दी सरकार व प्रशासन को चेतावनी

सतीश सैनी ▸▸| नारनौल

जो धरना मेडिकल कॉलेज के बाहर गेट पर दिया जा रहा है, कहने को तो कोरियावास ग्रामीणों और आस-पास गांव के ग्रामीणों द्वारा दिया जाना बताया जा रहा है, कुछ हद तक बात सही भी है, पर इसके पीछे राव इंद्रजीत समर्थक भी पूर जोर भागदौड़ करना भी है। इसी के चलते कहा जाने लगा है कि नामकरण की यह लड़ाई अब भाजपा में रहकर ही राव इंद्रजीत सिंह समर्थक बनाम भाजपा हो गई है। इस अंदरूनी राजनीति के पीछे ही कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम करवाने की मांग पर बीते तीन माह से धरना जारी है। इस धरने की मांग को जहां नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव ने सही ठहराया था। हालांकि अन्य भाजपा नेता सरकार के फैसले को ही सही ठहराते हुए चुप रहने में भी भलाई समझ रहे है। उन्हें लगता है कि ओपन में बोलना राव इंद्रजीत समर्थकों से बुराई लेना है, जिसका नुकसान उन्हें भविष्य में टिकट या वोट लेने में उठाना पड़ सकता है।

वहीं बीते माह खुद स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने धरने पर बैठकर अपना समर्थन दिया था। सोमवार जब शहर में ट्रेक्टर रैली निकली तो धरने पर बैठे ग्रामीणों के साथ राव इंद्रजीत समर्थक नजर आए और उन्होंने मीडिया के सामने यहां तक बयान दिया कि भाजपा सरकार मेडिकल कॉलेज का नाम बदलकर शहीद राव तुलाराम नहीं करेगी तो कॉलेज को ही ताला जड़ दिया जाएगा। ऐसे में समझ सकते है कि राव समर्थक अपनी बात बनवाने के लिए किस हद तक जा सकते है। जबकि इस प्रदर्शन के बाद नारनौल पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली ने साफ कर दिया कि जो सरकार ने किया, वह बिल्कुल ठीक है। बड़ोली से पहले पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभयसिंह यादव नामकरण विवाद पर उठे सवाल पर कहना है कि यह राजनीति इस क्षेत्र को कहां ले जा रही है।

यदि क्षेत्र में विकास करवाना और विकास की बात करना अपराध है तो हम किसी तरह की राजनीति चाहते है? क्या राजनैतिक दादागिरी से इतनी बड़ी संस्था को ताला लगाना व बर्बाद करना इस क्षेत्र के हित में है? सही क्या है यह आमजन को तय करना होगा।




## नाम बदलने के पक्षधर का यह पक्ष

गांव कोरियावास से सरपंच प्रतिनिध नौनिहाल सिंह यादव का कहना है कि इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए ग्राम पंचायत कोरियावास ने सरकार को करीब 76 एकड़ 6 कनाल 13 मरला जमीन मात्र एक रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से दी थी। ग्रामीणों की मांग है कि इस मेडिकल कॉलेज का नाम आजादी के महानायक वीर शहीद राजा राव तुलाराम के नाम से रखा जाए। ग्राम पंचायत व गांव के मौजिज लोगों ने गत 29 जुलाई 2024 को पत्र लिखा था, जिसमें ग्रामीणों ने मेडिकल कॉलेज का नामकरण के साथ–साथ यहां की जाने वाली भर्तियों में आरक्षण की मांग की थी। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गांव के बेरोजगारों को लगाया जाए। इससे पहले 25 मई 2023 को केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल को भी इस बाबत पत्र लिखा था, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। गत वर्ष 22 जुलाई 2024 को भी पंचायत ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह एवं सीएम नायब सिंह सैनी को अपनी मांगों से पुनः अवगत कराते हुए फिर से पत्र लिखा, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। इससे ग्रामीणों में रोष है।

## मेडिकल कॉलेज कोरियावास के नामकरण का विरोध महर्षि च्यवन का अपमान : डॉ. मानव

मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट नारनौल के चीफ ट्रस्टी डॉ. रामनिवास 'मानव' का कहना है कि मेडिकल कॉलेज कोरियावास का नामकरण महर्षि च्यवन के नाम पर करने को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर की सरकार ने 16 मार्च 2023 को स्वीकृति प्रदान कर दी थी तथा राज्यपाल से स्वीकृति मिलने के बाद 12 फरवरी 2024 को गजट के माध्यम से इसे अधिसूचित भी किया गया था और अब इसे बदलना संभव नहीं है। डॉ. मानव ने प्रश्न किया है कि जब जमीन बिना शर्त दी गई थी तो अब कालेज का नामकरण ग्राम पंचायत की सलाह पर न करने की बात कहकर विरोध क्यों? उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 11 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें से छह सरकारी और पांच गैर-सरकारी हैं। इन सभी कालेजों का नामकरण जिन विभूतियों के नाम पर किया गया है, उनमें से किसी का भी चिकित्सा या चिकित्सा विज्ञान से कभी कोई संबंध नहीं रहा। मेडिकल कॉलेज कोरियावास प्रदेश का 12वां और सातवां सरकारी मेडिकल कॉलेज होनेके साथ प्रदेश का पहला ऐसा मेडिकल कॉलेज है, जिसका नामकरण एक महान चिकित्सक महर्षि च्यवन के नाम पर किया गया है।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने किसानों की उड़ाई नींद

**कनीना।** छितरोली रोड पर बने कनीना निवासी किसान के कुएं से अज्ञात चोर सोलर स्टार्टर व करीब 300 फुट लंबी केबल चोरी कर ले गए। इस बारे में वार्ड नौ निवासी महिला बसंती देवी ने सिटी थाना पुलिस को शिकायत दी है। दूसरी ओर रेवाड़ी रोड स्थित डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज के समीप छह कुओं से अज्ञात चोर बिजली की अलग अलग 480 फुट लंबी केबल चोरी कर ले गए। थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने बताया कि किसानों की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

### मारपीट करने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कनीना।** तेजधार हथियार से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान तेजपाल उर्फ योगेश वासी तातीजा जिला झुंझुनू राजस्थान के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। जिनसे चाकू बरामद किया गया था। इस बारे में बागोत निवासी सुनील ने सदर थाना में आठ जुलाई को शिकायत दी थी।

### श्री गोपाल गोशाला में भजनसंध्या आज

**महेंद्रगढ़।** श्री गोपाल गोशाला बुचियावाली में 6 अगस्त की शाम को श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रधान नवीन राव ने बताया कि श्री गोपाल गोशाला की मैनेजमेंट कमेटी एवं सभी भक्तों की ओर से आयोजित श्री श्याम भजन संध्या में गुड़गांव की सुप्रसिद्ध गायक कलाकार मंजू व तन्नू राजपूत अपने भजनों की प्रस्तुति देंगी।

### दौंगड़ा जाट में बाबा भैया का रात्रि जागरण कल

**नारनौल।** दौंगड़ा जाट में सात अगस्त को बाबा भैया का रात्रि जागरण आयोजित कीया जाएगा। मेला कमेटी के सदस्य पंच दिनेश प्रजापति ने बताया कि आठ अगस्त को गांव में बाबा भैया का भंडारा व खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें नेशनल कबड्डी, वॉलीबॉल शुटिंग, बुजुर्गों की दौड़, लड़के व लड़कियों की दौड़ कराई जाएगी।

# रिक्त सीटें रहने पर यूजी कक्षाओं के लिए बार-बार मांगे जा रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पुनः खोल दिया गया है। यह विशेष अवसर उन विद्यार्थियों के लिए है, जो किसी कारणवश अभी तक प्रवेश नहीं ले पाए थे। विभाग ने ऐसे सभी छात्रों के लिए चार अगस्त से 28 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान की है, जिसके बाद वे संबंधित महाविद्यालयों में जाकर फिजिकल काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजकीय महाविद्यालय के एडमिशन नोडल अफसर डा. सतीश सैनी ने बताया कि यह प्रवेश प्रक्रिया विद्यार्थियों के लिए एक द्वितीय अवसर के रूप में सुनहरा मौका है, जिससे वे अपनी उच्च शिक्षा को बिना किसी विलंब के जारी रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में केंद्रीकृत प्रवेश समिति प्रतिदिन उपस्थित रहती है, जहां विद्यार्थी अपनी योग्यता अनुसार दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ एवं मेरिट के आधार पर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष की कुछ सीटें रिक्त हैं, जिन पर योग्य विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। सभी विद्यार्थी जिन्होंने अब तक आवेदन नहीं किया है, वे तुरंत ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर आवेदन करें और फिर दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश सुनिश्चित करें।




नारनौल। रेलवे रोड स्थित ब्वॉयज कॉलेज। फोटो : हरिभूमि

### जीसी नारनौल में सीटों की स्थिति

| संकाय | कुल सीट | रिक्त सीट |
|---|---|---|
| बैचलर आफ आर्ट्स | 660 | 335 |
| बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | 40 | 3 |
| कॉमर्स | 240 | 157 |
| कंप्यूटर एप्लीकेशन्स | 40 | 01 |
| साइंस इन लाइफ साइंसेज | 160 | 19 |
| साइंस इन फिजिकल साइंसेज | 400 | 254 |

## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में भी एडमिशन के लिए सीटें रिक्त

नारनौल। बीकेएन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में भी एडमिशन के लिए सीटें रिक्त बनी हुई हैं। इसमें कुछ छह ट्रेड में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और कुल 420 सीटों में से काफी सीटें रिक्त बनी हुई है। मगर इसके लिए खास बात यह है कि यहां एडमिशन अभी चल रहे हैं और निकट भविष्य में यहां की लगभग सभी सीटें भरे जाने की पूरी संभावना है। प्रधानाचार्य अनिल यादव ने बताया कि छह अगस्त को रेंकिंग जारी की जाएगी। फिर सात अगस्त को आरक्षण के आधार पर रेंकिंग वालों को एडमिशन दिया जाएगा। आठ अगस्त को बिना आरक्षण के एडमिशन दिए जाएंगे। यदि इसके बाद भी सीट रिक्त रह जाती हैं तो पहले आओ पहले पाओ के आधार पर एडमिशन शुरू कर दिए जाएंगे।

### सीटों की स्थिति

| ट्रेड | सीट | टीएफडब्ल्यू | ईडब्ल्यूएस | कुल सीट | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|---|---|
| सिविल इंजी | 60 | 3 | 6 | 69 | 39 |
| कंप्यूटर | 60 | 3 | 6 | 69 | 40 |
| इलेक्ट्रीकल | 60 | 3 | 6 | 69 | 21 |
| ईसीई | 60 | 3 | 6 | 69 | 39 |
| आईसी | 60 | 3 | 6 | 69 | 48 |
| मैकेनिकल | 120 | 6 | 12 | 138 | 57 |
| कुल | 420 | 21 | 42 | 483 | 244 |

***आईटीआई में भी रिक्त हैं सीटें, फिर से खोला पोर्टल:*** नारनौल। आजकल एडमिशन के लिए संस्थान लालायित हैं। आईटीआई का भी यही हाल है। नारनौल के ब्वॉयज आईटीआई में कुल 872 सीटें हैं, जिनमें से आधी भी नहीं भरी जा सकी हैं। यहां की 872 सीटों में से केवल 384 पर एडमिशन हुआ है और 488 सीटें रिक्त बनी हुई हैं। इसके लिए एडमिशन का रि-शेड्यूल जारी किया गया है। प्राचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि चतुर्थ काउंसलिंग राउंड के पश्चात आईटीआई में नए पंजीकरण के लिए पोर्टल फिर से खोल दिया गया है। अब पांचवें राउंड की काउंसलिंग करके एडमिशन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 11 अगस्त से 22 अगस्त तक एडमिशन से वंचित रह गए विद्यार्थी नए सिरे से आवेदन कर सकते हैं। 12 अगस्त से रेंक के आधार पर ऑन द स्पॉट एडमिशन प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जो 22 अगस्त तक चलेगी। उन्होंने बताया कि ऑन द स्पॉट एडमिशन भी मेरिट बेसिस पर किए जाएंगे। 12 से 14 अगस्त, 18 से 22 अगस्त तक यह मेरिट के आधार पर एडमिशन चलेंगे। यदि किसी छात्र का एडमिशन में नंबर पड़ता है तो वह 12 से 22 अगस्त तक हाथोंहाथ फीस जमा करवा कर सीट अलॉटमेंट ले सकता है।




महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

# हकेवि में दूरस्थ पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

- अभ्यर्थी 10 सितंबर तक कर सकते हैं आनलाइन पंजीकरण

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) में ओपन डिस्टेंस लर्निंग के अंतर्गत दाखिले के लिए पंजीकरण की तिथि 10 सिंतबर तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से अध्ययन के नए विकल्प उपलब्ध कराएं जा रहे हैं।

कुलपति ने कहा कि दक्षिण हरियाणा व इससे सटे राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले युवाओं के लिए ये पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक सुनहरा अवसर है। कुलपति ने बताया कि डिस्टेंस एजुकेशन कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार तैयार किए गए हैं। हकेवि के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय में डिस्टेंस एजुकेशन के अंतर्गत एमए जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, एम.ए. हिंदी व एम.कॉम पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

इनमें दाखिले हेतु ऑनलाइन पंजीकरण अब आगामी 10 सितंबर तक कराए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये पाठ्यक्रम विकल्प आधारित क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस), उद्योग उन्मुख विशेषता व नियमित उपाधि के समतुल्य हैं। साथ ही इन पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को शिक्षा शुल्क से छूट प्राप्त है।

# तीन चरण की दाखिला प्रक्रिया के बाद भी 45 प्रतिशत सीट रह गई खाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

उच्चतर शिक्षा विभाग ने स्नातक में दाखिले से वंचित विद्यार्थियों को आवेदन करने का एक ओर अवसर दिया है। वंचित रह गए विद्यार्थी 4 से 28 अगस्त तक पोर्टल पर आवेदन कर दाखिला ले सकेंगे। बता दें कि जून माह में उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से स्नातक कोर्स के दाखिले का शेड्यूल जारी किया गया था। विभाग की ओर से कॉलेजों 14 से 17 मई तक पोर्टल पर डाटा अपलोड़ करने का समय दिया गया था। वहीं विद्यार्थियों को नौ जून तक आनलाइन आवेदन करने का समय दिया गया था, लेकिन कॉलेज में करीब 50 प्रतिशत सीटें खाली रह गई थी। ऐसे में विभाग की ओर से एक सप्ताह के लिए अंतिम तिथि को बढ़ा दिया गया था। आवेदन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अभी भी कॉलेजों में 30 प्रतिशत सीटे खाली रह गई थी। विभाग की ओर से एकबार फिर से पोर्टल ओपन कर दिया गया है।




महेंद्रगढ़। राजकीय महाविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

### करीब 45 प्रतिशत सीटें रह गई खाली

राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में 1260 सीट पर 655 आवेदन आए थे, लेकिन तीन चरण दाखिला प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी कॉलेज में 608 सीटें खाली है। बीए विषय में 240, बीकॉम में 28, बीसीए में पांच, फिजिकल साइंस में 235, लाइफ साइंस में 90 सीट खाली रह गई है। राजकीय महिला महाविद्यालय में 1080 सीट पर 916 आवेदन आए थे। महिला कॉलेज में बीए में 323, बीकॉम 26, अंगेजी ऑनर्स सात, लाइफ साइंस में 61 व फिजिकल साइंस में 58 खाली है। राजकीय महिला महाविद्यालय में अभी भी 475 सीट खाली है।

### राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़

| कोर्स | सीट | रिक्त सीट |
|---|---|---|
| बीए | 600 | 240 |
| बीकॉम | 80 | 28 |
| बीसीए | 40 | 5 |
| लाइफ साइंस | 160 | 90 |
| फिजिकल साइंस | 400 | 235 |
| कुल | 1280 | 608 |

### राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़

| कोर्स | सीट | रिक्त सीट |
|---|---|---|
| बीए | 720 | 323 |
| अंग्रेजी ऑनर्स | 40 | 7 |
| बीकॉम | 160 | 26 |
| लाइफ साइंस | 80 | 61 |
| फिजिकल साइंस | 80 | 58 |
| कुल | 1080 | 475 |

# जोहड़ में डूबने से व्यक्ति की मौत

**नारनौल।** जोहड़ में लबालब भरे पानी में पांव फिसलने से एक व्यक्ति गिर गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति को जोहड़ से निकाला व बेहोशी की हालत में इलाज के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार निजामपुर खंड के गांव बिगोपुर निवासी करीब 50 वर्षीय कृष्ण कुमार सोमवार देर शाम को गांव में बने जोहड़ में नहाने के लिए गया था। इस दौरान उसका पांव अचानक फिसल गया। जिससे वह जोहड़ में डूबता चला गया। ग्रामीणों ने जब उसको जोहड़ में डूबते हुए देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी तथा व्यक्ति को जोहड़ से बाहर निकाला। जोहड़ से बाहर निकालने के बाद लोगों ने पुलिस की मदद से व्यक्ति को बेहोश अवस्था में नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान कृष्ण ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक अविवाहित था तथा मजदूरी का काम करता था।

## महेंद्रगढ़ लोकसभा से सांसद रही सुधा के बेटे सिद्धार्थ के पास है भाजपा में राष्ट्रीय प्रवक्ता पद

# सुधा यादव के बेटे सिद्धार्थ यादव ने बढ़ाई नारनौल में सक्रियता, राजनीति गलियारों में चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

महेंद्रगढ़ लोकसभा से भाजपा सांसद रही सुधा यादव के बेटे सिद्धार्थ यादव की नारनौल विधानसभा में सक्रियता बढ़ने से राजनीति गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। राजनीति के जानकार बताते है कि नारनौल में पूर्व सांसद सुधा यादव के हजारों समर्थक है जो आज तक उनके संपर्क में है। हालांकि अभी चुनाव को चार साल का समय है। फिर भी अभी से नारनौल में एंट्री करना अंदरूनी तौर पर कई भाजपा नेताओं की टेंशन बढ़ा सकता है।

आपको बता दें कि कागरिल युद्ध में सुधा यादव ने पति सुखबीर सिंह मई 1999 में खो दिया था। वह कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए थे। सुखबीर सिंह यादव सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डिप्टी कमांडेंट थे। कारगिल युद्ध के दौरान सीमा पर पाकिस्तानी घुसपैठियों से लड़ते हुए उन्होंने खुद को देख के लिए न्योछावर कर दिया था। इस घटनाक्रम के बाद साल 1999 में जब लोकसभा चुनाव हुए तो भाजपा ने महेंद्रगढ़ लोकसभा से सुधा यादव को अपना उम्मीदवार बनाया था। उस वक्त सुधा यादव ने कांग्रेस उम्मीदवार राव इंद्रजीत सिंह को करीब 1.39 लाख मतों से हराकर सांसद बनी थी। हालांकि इसके बाद साल 2004 व 2009 में उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। लेकिन इस बीच भाजपा संगठन में अच्छी पकड़ बना ली। इस समय सुधा यादव भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य है।



नारनौल। छात्रा हिमांशी को सम्मानित करते सिद्धार्थ यादव।

## प्रथम प्रयास में नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर किया सम्मानित

शहर में परशुराम कॉलोनी में ढाणी कोजिंदा वासी नरेंद्र सैनी ने निशांत एज्यूकेशन भवन तैयार किया है। मंगलवार यहां हनुमान जी की सवामणी का कार्यक्रम था। इसमें भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सिद्धार्थ यादव बतौर मुख्य अतिथि आए थे। उन्हें बाइकों के काफिले से रेवाड़ी रोड से लेकर परशुराम कॉलोनी लाया गया। यहां कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने शिक्षक सुनील सैनी की बेटी हिमांशी सैनी को प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षा 544 अंकों के साथ उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया।

## बेटे सिद्धार्थ ने बढ़ाई राजनीति में सक्रियता

पूर्व सांसद सुधा यादव के बेटे सिद्धार्थ यादव इन दिनों भाजपा में राष्ट्रीय प्रवक्ता पद संभाले हुए है। राजनीति जमीन तलाशने के लिए सिद्धार्थ यादव ने अभी से सक्रियता बढ़ा दी है। बीते तीन दिन से यह राजनीति गलियारों में चर्चा थी। अचानक मंगलवार यह खबर लगी कि सिद्धार्थ यादव नारनौल अपने समर्थक के आवास पर आ रहे है। वहां निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मौजूद भीड़ ने उन पर बड़ा प्यार बरसाया। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी व सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी की भी मौजूदगी रही। इस दौरान मीडिया से बातचीत में राष्ट्रीय प्रवक्ता सिद्धार्थ यादव ने बताया कि यह कार्यकर्ताओं का प्यार है जो उन्हें यहां खींच लाया। उनका व उनकी मां का इस क्षेत्र से बहुत जुड़ाव है। इसी जुड़ाव को आगे कायम रखने के लिए वह सदैव कार्यकर्ताओं के बीच रहेंगे।

रेलसेवाएं रहेगी परिवर्तित

# खातीपुरा फेज द्वितीय चरण कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मण्डल के खातीपुरा स्टेशन यार्ड में खातीपुरा फेज द्वितीय चरण कार्य (पिट लाइन) के अन्तर्गत तकनीकी कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।

## मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं

गाड़ी संख्या 14322 भुज बरेली रेलसेवा 13 सितंबर को को भुज से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा जयपुर अलवर रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा रींगस रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, नीम का थाना, नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम जैसलमेर रेलसेवा 13 सितंबर को काठगोदाम से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी अलवर जयपुर फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीम का थाना, रींगस स्टेशनों पर ठहराव करगी। गाड़ी संख्या 12015 नई दिल्ली अजमेर रेलसेवा 14 सितंबर को नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी, अलवर, जयपुर, फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी, रींगस, जयपुर, फुलेरा होकर संचालित होगी।

परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 20964 वाराणसी साबरमती रेलसेवा 13 सितंबर को वाराणसी से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा निर्धारित मार्ग रेवाड़ी, अलवर, जयपुर, फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा नारनौल, नीम का थाना व रींगस स्टेशनों पर ठहराव करगी। गाड़ी संख्या 14661 बाडमेर जम्मूतवी रेलसेवा 14 सितंबर को बाडमेर से प्रस्थान करेगी। यह रेलसेवा वह रेलसेवा निर्धारित मार्ग फुलेरा, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा, रींगस, रेवाड़ी होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा रींगस, श्रीमाधोपुर, नीम का थाना, नारनौल व अटेली स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### प्रारम्भिक स्टेशन से रद रेलसेवाएं

*गाड़ी संख्या 09635 जयपुर रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 14 सितंबर को रद रहेगी। गाड़ी संख्या 09636 रेवाड़ी जयपुर स्पेशल रेलसेवा 14 सितंबर को रद रहेगी।*






# ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं बलिदान भी मांगती है

**मुंबई।** अभिनेता फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म में फरहान परमवीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह भाटी का रोल निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में भारतीय सैनिकों की जांबाजी की झलक देखने को मिल रही है। इस टीजर को जोया अख्तर ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कैप्शन दिया है- 'ये वर्दी सिर्फ हिम्मत नहीं, बलिदान भी मांगती है'। इसके अलावा उन्होंने जानकारी दी कि फिल्म इस साल 21 नवंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म के टीजर में दिखाया गया है कि साल 1962 में भारत-चीन की जंग के दौरान 18 नवंबर को क्या-क्या हुआ था।

लाइफ Style



# वामिका

## जी2 में दमदार किरदार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इमरान हाशमी, अदिवि शेष और वामिका गब्बी फिल्म 'जी2' में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया है। पोस्टर देख कर लगता है कि यह फिल्म एक्शन और सस्पेंस से भरपूर जासूसी थ्रिलर फिल्म होने वाली है।

जारी किए गए पोस्टर में देखा जा सकता है कि इमरान हाशमी और आदिवी शेष गुस्से में नजर आ रहे हैं। एक दूसरे पोस्टर में अदिवि शेष और वामिका गब्बी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। तीसरे पोस्टर में अदिवि शेष एक्शन मोड में शीशा तोड़ते हुए और बंदूक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए अदिवि शेष ने कहा जी2 एक ऐसा सफर रहा है जिसे हमने वर्षों से जिया और महसूस किया है। निर्देशक विनय कुमार सिरिगिनीदी के साथ, हमने बड़े सपने देखने की हिम्मत की है। इस कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाते हुए इसकी असलियत को बनाए रखा है। इमरान और वामिका वाकई दमदार किरदार में नजर आएंगे। उनके अभिनय ने इस फिल्म के पैमाने को एक पायदान ऊपर उठा दिया है। अब यह हमारे लिए सिर्फ एक फिल्म से कहीं बढ़कर बन गई है। फिल्म जी2 साल 2018 में रिलीज हुई गुडाचारी से संबंधित है। यह हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म जी2 फिल्म में बनिता संधू, मुरली शर्मा, सुप्रिया यारलागद्दा और मधु शालिनी जैसे दमदार कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अदिवि शेष एजेंट गोपी के रूप में वापसी कर रहे हैं।

हॉलीवुड मसाला



# द ग्लोरी का ट्विस्ट हिला देगा दिमाग

**नई दिल्ली।** 3 साल पहले नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई द ग्लोरी कोरियन थ्रिलिंग वेब सीरीज अगर आप एक बार देख लेंगे, तो बार-बार इसे देखने का मन करेगा। यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज है, जिसे देखकर आपके रोंगटे खड़े हो जाएंगे, लेकिन दिल को सुकून भी मिलेगा। तो अगर आप भी बिंज वॉच करना पसंद करते हैं, तो 16 एपिसोड की नेटफ्लिक्स की ये ट्रेंडिंग वेब सीरीज देख सकते हैं। द ग्लोरी नेटफ्लिक्स की एक साउथ कोरियन वेब सीरीज है, इस वेब सीरीज में स्कूल में बुरी तरह से बुलिंग का शिकार हुई लड़की की कहानी को बताया गया है।




# द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म का आजकल लोगों को बहुत ज्यादा क्रेज है। अब सबसे ज्यादा डरा देने वाली हॉरर फिल्म नए पार्ट के साथ वापस आ गई है। एक बार फिर भूत वापस लौट रहे हैं और उसे देखकर जो हालत खराब होने वाली है उसका अंदाजा ट्रेलर से ही लगाया जा सकता है। द कॉन्ज्यूरिंग सीरीज का आखिरी पार्ट आने वाला है। इस सीरीज के अब तक चार पार्ट आ चुके हैं और सभी हिट रहे हैं। अब द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 5 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। द कॉन्ज्यूरिंग लास्ट राइट्स के ट्रेलर की बात करें तो इसकी शुरुआत आम लोगों से होती है। जासूसों के इंटरव्यू होते हैं। जिसमें दिखाया गया है कि शैतान पेंसिलवेनिया वहां पहुंच गया है और बुरी शक्तियां उसमें घुस गई हैं और उसे ही अपना घर बना लिया है।



# तलाक के बाद मृणाल को कर रहे डेट

**मुंबई।** एक्टर धनुष का पत्नी ऐश्वर्या रजनीकांत से अप्रैल 2024 में तलाक हो गया था। हालांकि, कुछ महीने पहले दोनों बड़े बेटे यत्र के स्कूल की ग्रेजुएशन सेरिमनी में साथ दिखे थे। धनुष और ऐश्वर्या अपनी-अपनी जिंदगी में बिजी हैं, पर बच्चों के लिए साथ आ जाते हैं। इसी बीच खबरें हैं कि धनुष एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर को डेट कर रहे हैं। दोनों को कई इवेंट्स में साथ में स्पॉट किया गया, जिसके बाद उनकी डेटिंग की अफवाहें शुरू हो गईं। एक्टर धनुष हाल ही मृणाल ठाकुर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे, और अब उस पार्टी का अंदर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धनुष ने मृणाल ठाकुर का हाथ पकड़ा हुआ है और बात कर रहे हैं। इसी वीडियो को देख फैंस कयास लगा रहे हैं कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है।



# छह किताबों पर बनेंगी वेब सीरीज व फिल्में

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश लेखक जेफ्री आर्चर की कहानियां अब भारतीय सिनेमा के परदे पर जीवंत होने वाली हैं। भारत की प्रमुख कंटेंट निर्माण कंपनी अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने आर्चर की छह मशहूर किताबों के स्क्रीन एडप्टेशन के अधिकार हासिल किए हैं। इस साझेदारी को भारतीय मनोरंजन उद्योग में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है, क्योंकि यह पहली बार है जब इस तरह किसी विदेशी लेखक की किताबों के राइट्स लिए गए हैं। इस तरह भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अब स्तरीय विदेशी कॉन्टेंट की दस्तक को शानदार माना जा रहा है। इस डील में जेफ्री आर्चर की छह किताबें द क्लिफ्टन क्रॉनिकल्स, फोर्थ एस्टेट, फर्स्ट अमंग इक्वल्स, द इलेवन्थ कमांडमेंट, सन्स ऑफ फॉर्च्यून और हेड्स यू विन शामिल हैं।

टीवी मसाला



# विवियन डीसेना का एकता कपूर के शो से होगी वापसी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर एक बार फिर से छोटे पर्दे पर धमाका करने की तैयारी में हैं। क्योंकि सास भी कभी बहू थी का दूसरा सीजन लाने के बाद वह नागिन 7 के कारण सुर्खियां बटोर रही थीं। दर्शक उसके आने का इंतजार ही कर रहे थे कि प्रोड्यूसर ने विवियन डीसेना के साथ एक प्रोजेक्ट करने का हिंट देकर दर्शकों को कन्फ्यूज कर दिया है। वह एक्टर के कमबैक से खुश भी हैं, लेकिन किस शो में वह आएंगे, ये सोचकर दिमाग की नसों पर जोर भी दे रहे हैं। दरअसल, पहले कुछ हफ्तों तक खबर थी कि विवियन डीसेना नागिन 7 में दिखाई दे सकते हैं। अब एकता कपूर के लेटेस्ट वीडियो से शक यकीन में बदलता दिख रहा है। इसमें दोनों सांप-चमगादड़ जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर दर्शकों को गुमराह कर रहे हैं। वीडियो में, एकता विवियन से पूछती हैं, 'हम क्या कर रहे हैं? क्या हम सांपों के साथ कुछ कर रहे हैं?' तो विवियन कहते हैं, नहीं। बाद में, एकता कहती हैं, शायद चमगादड़ों के साथ कुछ। तो एक्टर जवाब देते हैं, काफी करीब। विवियन डीसेना आखिरी बार बिग बॉस सीजन 18 में नजर आए थे। वह रनर-अप रहे थे, जबकि करण वीर मेहरा ने ट्रॉफी जीती थी। एक्टर को लीड रोल में आखिरी फिक्शनल शो सिर्फ तुम में देखा गया था, जो 2022 में ऑफ-एयर हुआ था। ऐसे में 3 साल बाद उन्हें पर्दे पर देखना उनके चाहनेवालों के लिए बड़ा सरप्राइज है।


## कपिल के शो में शिल्पा ने उड़ाया छोटी बहन का मजाक

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे पूरा भारत 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाने की तैयारी कर रहा है, द ग्रेट इंडियन कपिल शो बॉलीवुड की दो सबसे प्यारी बहनों शिल्पा शेट्टी और शमिता शेट्टी के साथ बाई-बहन हुमा कुरैशी और साकिब सलीम को एक साथ ला रहा है। सोशल मीडिया पर लीक हुए इस एपिसोड का एक प्रोमो हंसी-मजाक और भाई-बहनों की ढेर सारी नोक-झोंक का वादा करता है, जिसमें मेहमान एक-दूसरे को मजाकिया अंदाज में चिढ़ाते हैं। प्रोमो वीडियो में, शिल्पा शेट्टी कपिल शर्मा के वजन घटाने का मजाक उड़ाती हैं, जिस पर कपिल शर्मा मजाक करते हुए कहते हैं कि उन्होंने यह उनसे ही सीखा होगा। वो मजाक में कहते हैं कि उनका वजन हर साल कम होता जा रहा है। जब कपिल पूछते हैं कि क्या शमिता अपनी बहन से हर बात शेयर करती हैं, तो शिल्पा जवाब देती हैं, वो मुझसे सिर्फ बॉयफ्रेंड वाली बातें छिपाती हैं। शमिता तुरंत जवाब देती हैं कि वो अब कुछ नहीं छिपातीं, और शिल्पा कहती हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि वो अब सिंगल हैं।



# ये हॉरर फिल्म अकेले देख ली तो कांप उठेगा कलेजा

**नई दिल्ली।** अगर आप हॉरर फिल्मों के शौकीन हैं तो आपको 18 साल पुरानी यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए। यह फिल्म आपको डर की दुनिया ऐसी सैर कराएगी कि आपको हॉरर फिल्मों की दुनिया का नया एक्सपीरियंस मिलेगा। यह फिल्म इतनी डरावनी है कि आप अपने आजू-बाजू देखने से भी डरने लगेंगे। इस फिल्म की हॉररनेस का अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं, इसकी कहानी कुछ ऐसी है कि इसमें 30 दिनों तक सूरज नहीं निकलता है और लोग पूरे एक महीने अंधेरे और डर के साए में अपनी जिंदगी की भीख मांग रहे होते हैं। इस फिल्म में रात के इस लंबे अंधेरे में कुछ ऐसे शैतान उतर आते हैं, जिन्हें आदमखोर कहें तो गलत नहीं होगा।



## क्या है फिल्म की कहानी?


वहीं, वैंपायर्स के सरदार का रोल डैनी हस्टन ने किया है, जिसकी एक्टिंग देखने के बाद किसी का भी पसीना छूट जाएगा। फिल्म का हर किरदार दर्शकों को डराने का काम करता है। फिल्म की कहानी पर नजर डाले तो यह अलास्का के बैरो नाम शहर की है, जो पूरी तरह बर्फ से ढका है। जैसे ही इस शहर पर रात का अंधेरा छाता है, वैंपायर्स एक्टिव हो जाते हैं और तबाही मचाना शुरू कर देते हैं। इस शहर का अन्य शहर से संपर्क टूट जाता है और यहां बसे लोग एक-एक कर अपनी जान गंवा देते हैं।

**कौन सी डरावनी फिल्म है ये?** : इस फिल्म की कहानी रात होने के बाद शुरू होती है और 30 दिन सवेरा होने के बाद खत्म। इसलिए इस फिल्म का नाम, '30 डेज ऑफ डार्क नाइट' है। फिल्म के नाम से पता चलता है कि इसकी कहानी रात के काले अंधेरे पर बेस्ड है, जहां सूरज का तीस दिनों तक कोई अता-पता नहीं है। फिल्म कहानी में एक शेरिफ और उसकी पत्नी है, जो इन पिशाचों से मुकाबला करते हैं, जो रात के योद्धा हैं। पिशाचों के खिलाफ इस लड़ाई में इस महिला का पति अपनी जान गंवा बैठता है। फिल्म में जोश हार्टनेट और मेलिसा जॉर्ज ने पति-पत्नी का रोल प्ले किया है।

# 3 साल तक सिनेमाघरों में छाई रही ये फिल्म

## 80 साल बाद शोले ने तोड़ा था रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जुबली स्टार की बात करें, तो जो नाम जुबान पर सबसे पहले आता है, वो नाम है राजेंद्र कुमार का। उनकी फिल्मों के लिए कहा जाता था कि वो जो भी करते थे, वो सिल्वर जुबली जरूर मनाती थी। सिर्फ हीरो ही नहीं, हिंदी फिल्म के इतिहास में एक एक्ट्रेस भी ऐसी रही हैं, जो जुबली गर्ल के नाम से जानी गईं। उनकी फिल्मों ने जो इतिहास रचा उसे बॉक्स ऑफिस पर तोड़ने में बॉलीवुड को पूरे अस्सी साल तक इंतजार करना पड़ा। इस एक्ट्रेस का नाम था मुमताज शांति, जिन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया।



*देश की पहली जुबली गर्ल :* ये बात बंटवारे के दौर से भी पहले की है, जब हिंदी फिल्मों में एक एक्ट्रेस हुआ करती थीं मुमताज शांति। उन्हें जुबली गर्ल का नाम दिया गया था। बात चालीस के दशक के आसपास की होगी, जब मुमताज शांति की खूबसूरती और एक्टिंग का कोई मुकाबला नहीं था। मुमताज शांति ने पंजाबी फिल्मों से इंड्स्ट्री में कदम रखा था। उनकी पहली फिल्म थी सोहनी कुमारन। उनकी दूसरी पंजाबी फिल्म थी मंगती, जो 1942 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने डायमंड जुबली मनाई थी। इसके बाद मुमताज शांति का नाम पंजाबी फिल्मों की सुपरस्टार के तौर पर लिया जाने लगा था। पंजाबी फिल्मों में नाम कमाने के बाद मुमताज शांति ने हिंदी फिल्मों का रुख किया।

### पहली हिंदी फिल्म बसंत रही जुबली हिट

मुमताज शांति की पहली हिंदी फिल्म थी बसंत. ये फिल्म भी जुबली हिट रही थी। इस फिल्म में मधुबाला भी नजर आईं थीं। ये फिल्म करीब 76 हफ्ते तक थियेटर्स में रही थी। साल 1943 में वो अशोक कुमार के साथ किस्मत फिल्म में नजर आईं। इस फिल्म को देश की पहली ब्लॉकबस्टर मूवी माना जाता है, जिसने उस दौर में एक लाख के बजट में एक करोड़ की कमाई की थी। ये फिल्म लगातार तीन साल सिनेमा हॉल में लगी रही। 80 साल बाद ये रिकॉर्ड फिल्म शोले ने तोड़ा था।

## रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का लगने वाला है मजेदार मजमा

# इस हफ्ते ओटीटी पर ये नई वेब सीरीज और फिल्में होंगी रिलीज

*नई दिल्ली। नया हफ्ता, नई उम्मीदें, नया रोमांच। सिनेमाघरों में इस शुक्रवार, 8 अगस्त को अंदाज 2 रिलीज हो रही हैं। फिल्म को लेकर बहुत ज्यादा बज नहीं है। लेकिन ओटीटी के पिटारे में इस हफ्ते एक के बाद एक ऐसी नई सीरीज और फिल्में हैं, जो आपके वीकेंड का मजा कई गुना बढ़ा सकती हैं। अगले सात दिनों में ओटीटी पर रहस्य, रोमांच, प्यार और अपराध की दुनिया का मजेदार मजमा लगने वाला है। मौनी रॉय और नवीन कस्तूरिया की जासूसी वेब सीरीज सलाकार जहां अतीत से वर्तमान तक, राष्ट्रीय सुरक्षा के रोमांच को बढ़ाने वाली हैं, वहीं नेटफ्लिक्स की रिकॉर्ड तोड़ सीरीज 'वेडनेसडे' के सीजन 2 का पार्ट 1 भी रिलीज होने वाला है। 'मिकी 17' में जहां रॉबर्ट पैटिंसन दिल लूटने आ रहे हैं, वहीं मायासभा, मामन और अरबिया कदली जैसी साउथ की फिल्में और सीरीज भी आ रही हैं।*

**सलाकार** : सलाकार वेब सीरीज की कहानी साल 1978 और साल 2025 के दो टाइमलाइन में चलती है। यह एक जासूसी थ्रिलर सीरीज है, जिसमें एस्पिरेंटस फेम नीन कस्तूरिया ने अधीर का किरदार निभाया है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जिसने शीत युद्ध के दौरान पाकिस्तान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को असफल बनाने में देश की मदद की थी। अधीर अब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के पद पर है। देश की सुरक्षा पर फिर से खतरा मंडरा रहा है। राजनीति में तनाव बढ़ रहा है। ऐसे में अधीर को अपने अतीत के अनसुलझे खतरों का भी सामना करना होगा। इस सीरीज में मौनी रॉय, मुकेश ऋषि, अश्वथ भट्ट, पूर्णेंदु भट्टाचार्य और सूर्या शर्मा भी हैं। सलाकार वेब सीरीज ओटीटी पर शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

**मायासभा** : मायासभा मूल रूप से तेलुगू में बनी पॉलिटिकल-ड्रामा सीरीज है। कहानी 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की अशांत राजनीति की है। यह कॉलेज के दो आदर्शवादी दोस्तों, ककरला कृष्णमा नायडू (आधि पिनिसेट्टी) और एमएस रामी रेड्डी (चैतन्य राव) की कहानी कहती है। दोनों राजनीति को बदलने का साझा सपना देखते हैं। लेकिन, इस राह में महत्वाकांक्षा की लड़ाई, विश्वासघात और विचारधाराओं का टकराव है। जैसे-जैसे वे आगे बढ़ते हैं, राजनीतिक दिग्गज बनते हैं, उनकी दोस्ती सत्ता संघर्ष, गुपचुप समझौतों और एक भयंकर प्रतिद्वंद्विता में बदल जाती है। उनकी दुनिया में तब और उथल-पुथल मच जाती है, जब कहानी में एक करिश्माई फिल्म स्टार की एंट्री होती है। वह अब राजनेता बन जाता है। इस सीरीज में दिव्या दत्ता, साई कुमार, नासर, रवींद्र विजय, श्रीकांत अयंगर, शत्रु और तान्या रविचंद्रन भी हैं। 'मायासभा' वेब सीरीज ओटीटी पर गुरुवार, 7 अगस्त को रिलीज हो रही है।



**अरबिया कदली** : अरबिया कदली एक तेलुगू सर्वाइवल ड्रामा वेब सीरीज है। यह समंदर किनारे बसने वाले दो गांव और उनके गांव वालों की कहानी है। ये गांव मछुआरों का है। दोनों गांव में हमेशा से एक-दूसरे को लेकर जबरदस्त कंपीटिशन रहा है। मछुआरों के एक ग्रुप गलती से अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में पहुंच जाता है। उन्हें एक विदेशी जमीन पर कैद कर लिया जाता है। बद्री और उसके साथी मछुआरे खतरनाक समुद्र, कैद और अन्याय से जूझते हैं। इधर, इस कहानी के साथ ही एक और कहानी चलती है, जहां गंगा (आनंदी) साहस और दृढ़ विश्वास के साथ सिस्टम को चुनौती देती है। वह शोषण और उत्पीड़न के खिलाफ मिसाल बनकर उभरती है। सीरीज में सत्य देव और आनंदी लीड रोल में हैं। जबकि साथ में नासर, रघु बाबू, दलीप ताहिल, पूनम बाजवा और हर्ष रोशन भी हैं। अरबिया कदली वेब सीरीज शुक्रवार, 8 अगस्त को रिलीज होगी।

**मामन** : मामन एक तमिल फैमिली ड्रामा फिल्म है। यह मई के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। कहानी त्रिची में रहने वाले मामन इनबा (सूरी) के इर्द-गिर्द घूमती है। कहानी में चाचा-भतीजा हैं। मामन को अपनी बहन गिरिजा के बेटे लड्डू से बहुत प्यार है। कहानी में ट्विस्ट तब आता है, जब लड्डू की शादी डॉक्टर रेखा (ऐश्वर्या लक्ष्मी) से होती है। यह दिल को छू लेने वाली कहानी जल्द ही तनाव और पारिवारिक संघर्ष में बदल जाती है, क्योंकि लड्डू का बेमेल प्यार इनबा और रेखा के रिश्ते में दरार डाल देता है।

## खबर संक्षेप

### यदुवंशी स्कूल का सिद्धार्थ भारतीय वायुसेना में बना फ्लाइंग ऑफिसर

नारनौल। यदुवंशी शिक्षा निकेतन के छात्र सिद्धार्थ पुत्र किस्मती व पवन कुमार मांदी ने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में चयनित होकर विद्यालय, परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह सफलता न केवल सिद्धार्थ के परिवार के लिए बल्कि पूरे यदुवंशी परिवार व क्षेत्र के लिए भी प्रेरणास्पद तथा गर्व की बात है। यह विद्यार्थी कक्षा प्रथम से बाहरवीं का नियमित विद्यार्थी था। इसने अपनी 12वीं की परीक्षा भी 89 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की। इसने अपने प्रथम प्रयास में ही यह उपलब्धि हासिल की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर प्राचार्य नरेश यादव ने सिद्धार्थ को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय की शिक्षा, अनुशासन और मूल्यों की जीत है। निर्देशिका सुरेश यादव ने कहा कि सिद्धार्थ की यह ऊंची उड़ान आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देगी। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने संयुक्त रूप से सिद्धार्थ की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी।



## शिविर में युवाओं ने 83 यूनिट रक्तदान किया

# युवाओं को मर्यादा व नैतिकता का अनुसरण करने का दिया संदेश

- चौधरी बैजनाथ की पुण्यतिथि पर मेधावी प्रतिभाएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

पीएमश्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिवंगत समाजसेवी चौधरी बैजनाथ की पुण्यतिथि पर मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह व रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें एसडीएम उमेद सिंह, डीएसपी भारत भूषण मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के चेयरमैन गोविंद चौधरी ने की तथा शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रही। उन्होंने युवाओं को सामाजिक मर्यादा व नैतिकता का अनुसरण करने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि चौधरी बैजनाथ ने कोलकोता व नोएडा में व्यवसायिक संस्थान स्थापित किए थे, लेकिन उन्होंने मातृभूमि से लगाव बनाए रखा तथा यहां जरूरतमंदों की मदद में तत्पर रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब 2.50 करोड़ की लागत से चौधरी बैजनाथ मैटरनिटी विंग का निर्माण कराया था। इसके बाद उन्होंने शहर में 15 करोड़ की लागत से गर्ल्स कॉलेज के भवनों का निर्माण कराया है। इसके अलावा गोशाला में आर्थिक सहायता देने की परंपरा कायम की। जिससे गायों को भर पेट चारा मिलना संभव होता है। उनकी पुण्यतिथि पर मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह की परंपरा बनी हुई है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में 32 स्कूलों की मेधावी प्रतिभाओं को आमंत्रित किया गया। जिन्हें नकद पुरस्कार व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। दूसरी तरफ भारत विकास परिषद के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। चिकित्सकों ने विभिन्न चेकअप करने के बाद 83 युवाओं को रक्तदान की अनुमति दी है। पीएमश्री स्कूल के प्राचार्य डॉ. दिनेश कुमार, शहीद मेजर सतीश दहिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल यादव, नपा चेयरपर्सन प्रिया सैनी, रमेश, भारत विकास परिषद के प्रधान लखीराम एडवोकेट, पवन, मोतीलाल सेठ, पवन मंगला, भवानी शंकर जोशी, अंजनी शास्त्री, प्रमोद वत्स, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



नांगल चौधरी। दिवंगत समाजसेवी की पुण्यतिथि पर रक्तदाताओं को सम्मानित करते डीएसपी भारत भूषण। फोटो : हरिभूमि

### प्रदर्शन में निखार लाने की मिलेगी प्रेरणा

ट्रस्ट के चेयरमैन गोविंद चौधरी ने कहा कि दिवंगत पिता बैजनाथ चौधरी का मातृभूमि से अत्यंत लगाव रहा है। उन्होंने जीवनभर जरूरतमंदों की मदद की तथा मेधावी प्रतिभाओं को उभारने के लिए आर्थिक सहायता देने की परंपरा बनाई थी। गोशाला में चारा व अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए ट्रस्ट के कोष ने आर्थिक मदद दी गई। उन्होंने बताया कि मेधावी प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलने से उन्हें प्रदर्शन में निखार लाने की प्रेरणा मिलेगी।

# सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, नशामुक्ति और एक पेड़ मां के नाम के बारे में जागरूकता फैलाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव महेश जोशी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन विजय यादव टूमना ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में संजीव धीमान हरियाणा स्टेट ट्रेनिंग आफिसर और विद्यालय के सचिव महेंद्र सिंह यादव उपस्थित थे। विद्यालय में पहुंचने पर मुख्य अतिथि महेश जोशी का माल्या अर्पण, बुक्का और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि महेश जोशी ने छात्र-छात्राओं और अध्यापकों से आह्वान किया कि वे गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें, गाड़ी धीरे चलाएं, शराब पीकर गाड़ी न चलाएं और यातायात के नियमों का पालन करें। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने कहा कि सभी को अपने विशेष अवसरों पर पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए, जिससे पर्यावरण की रक्षा हो सके।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते स्कूल स्टॉफ सदस्य।

# गांधी पार्क में मातृशक्ति ने किया हवन

नारनौल। पतंजलि योग समिति व महिला यज्ञ समिति के सौजन्य से हुडा सेक्टर के गांधी पार्क में मातृशक्ति की ओर से 21वे हवन व योग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 21 औषधीय पौधे वितरित किए गए। यज्ञ संयोजिका व महिला योग समिति प्रभारी कृष्णा कुमारी आर्या ने बताया कि स्त्री सशक्तिकरण प्रकल्प के तहत नियमित रूप से सुबह श्याम योग करवाया जाता है और आज मातृशक्ति की योग कक्षा के दौरान हवन का आयोजन किया गया। जिसकी व्यवस्था यज्ञ संरक्षक मिथलेश आर्या व युगांता आर्या ने की। यज्ञ उपरांत पतंजलि योगाचार्य अनीता ने उपस्थित मातृशक्ति को योगासन करवाए व योग की महिमा बताई। मातृशक्ति प्रांत सेवा प्रमुख डॉ. कृष्णा आर्या ने जीवन व चरित्र निर्माण पर संदेश दिया। इस मौके पर युगांता, उषारानी, मिथलेश यादव, अनीता, लक्ष्मी देवी, जन्तरी देवी, ममता, सुशीला देवी, सुनीता, जयबीर यादव, नागरमल शर्मा, दयाराम यादव, शिवदयाल, देवकुमार, डॉ. विजय, नरेंद्र आदि उपस्थित रहे।


नारनौल। गांधी पार्क में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# एसयूसीआई संस्थापक महासचिव कामरेड शिवदास घोष को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सर्वहारा के महान नेता व देश की एकमात्र कम्युनिस्ट पार्टी एसयूसीआई कम्युनिस्ट के संस्थापक महासचिव कामरेड शिवदास घोष की 49वीं पुण्यतिथि पर उनके तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने उनके मूल्यवान कथनों की उद्धरण प्रदर्शनी रहा। जिसे लोगों ने चाव से देखा।

कामरेड शिवदास घोष की शिक्षाओं व जीवन संघर्षों को जन मानस में ले जाने के लिए राज्य स्तरीय स्मृति सभा 10 अगस्त को सोनीपत में की जाएगी। जिसमें एसयूसीआई कम्युनिस्ट के केन्द्रीय कमेटी सदस्य अरूण कुमार सिंह मुख्य वक्ता होंगे व राज्य सचिव कामरेड राजेन्द्र सिंह सम्बोधित करेंगे। इस अवसर पर एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने कहा कि एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी का इतिहास ही कामरेड शिवदास घोष के जीवन का इतिहास है।

कामरेड शिवदास घोष की यह 49वीं बरसी एक ऐसे समय पर आ रही है, जब भारत सहित पूरी दुनिया के हालात बड़े भयावह है। आज भारतीय पूंजीपति वर्ग राजसत्ता के बल पर देश की जनता के जीवन, रोजी रोटी और अधिकारों पर एक से बढ़कर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। बेतहाशा बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, तालाबंदी, निजीकरण की जन विरोधी नीतियों से जनता का जीवन बदहाल है। देश की कुल धन सम्पदा के 77 फीसदी पर 10 फीसदी सबसे अमीर लोगों का कब्जा है।



नारनौल। कामरेड शिवदास घोष को नमन करते समर्थक। फोटो : हरिभूमि


महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्कूल स्टॉफ सदस्य।

### गैलेक्सी स्कूल के विद्यार्थियों ने खंडस्तरीय प्रतियोगिता में किया सराहनीय प्रदर्शन

महेंद्रगढ़। खंड कनीना में 4 अगस्त को आयोजित खंडस्तरीय गैलेक्सी स्कूल बवानिया के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में सभी स्कूलों के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य करन सिंह ने बताया कि स्कूल के रचित पुत्र सोमदत्त निवासी बवानिया ने एथलेटिक्स दौड़ (1500 मीटर) में प्रथम स्थान, जतिन पुत्र लखीराम निवासी स्याना ने एथलेटिक्स दौड़ (1500 मीटर ) में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के विजेताओं के स्कूल पहुंचने पर चेयरमैन दरियाव सिंह तथा पूरे स्टाफ द्वारा का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया तथा मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल में समय-समय पर खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए आंतरिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्रों का मनोबल बढ़ता है और उनका शारीरिक स्वास्थ्य भी उत्तम रहता है। इस अवसर पर चेयरमैन दरियाव सिंह ने कहा कि खेलकूद हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। इससे न केवल शारीरिक और मानसिक विकास होता है, बल्कि यह विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देता है।

# बीआर स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में पारंपरिक भारतीय संस्कृति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रंगोली मेकिंग, थाली सजावट और कलश सजावट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर कला, रंगों और रचनात्मकता से सराबोर नजर आया। छात्राओं ने अपनी कल्पनाशक्ति और कौशल से रंग-बिरंगी रंगोलियां, सजी हुई पूजा थालियां और मनमोहक कलश प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में छात्राओं ने सामाजिक संदेश, धार्मिक प्रतीक और भारतीय परंपरा पर आधारित रंगोलियां बनाईं। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान इंदू ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान भाविका और तृतीय स्थान खुशबू को मिला। थाली मेकिंग प्रतियोगिता में वसुंधरा ने प्रथम, कलश सजावट प्रतियोगिता में दीपांशी, तनु और योगिता ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विद्यालय में अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे मेहंदी प्रतियोगिता, लोकगीत गायन, पारंपरिक वेशभूषा प्रदर्शन, दीप सजावट तथा छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियां भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन रूपराम यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय के संस्थापक राम सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करती हैं। चेयरमैन रूपराम यादव ने विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और सभी प्रतिभागियों की सराहना की।


महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्कूल स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी से आमजन की पहुंच से बाहर हुए घरः राव नरेंद्र सिंह

नारनौल। पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हाल ही में हरियाणा की भाजपा सरकार की ओर से कलेक्टर रेट में किए इजाफे से आमजन पर कमरतोड़ बोझ डालने का काम किया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा ने कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी कर प्रदेश की जनता पर करीबन पांच हजार करोड़ का अतिरिक्त बोझ डालने का काम किया है। जिस प्रकार से प्रदेश की जनता से बिना किसी संवाद या चर्चा के व बिना किसी मापदंड के आठ महीनों में दो बार प्रदेश में क्लेक्टर रेट में वृद्धि कर सरकार का कुप्रबंधन का प्रमाण दिया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि जहां एक तरफ भाजपा ने आमजन से 2022 तक सभी को पक्का मकान देने का वादा किया था और अब इस क्लेक्टर रेट की अतिरिक्त वसूली से खुद की कमाई से भी मकान बनाने का सपना भी दूभर कर दिया है। राव नरेंद्र सिंह ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि आज प्रदेश में महंगाई चरम सीमा पर है, गरीब, मध्यवर्ग व नौकरीपेशा लोगों के लिए हाउस लोन की किस्तें दिन रात कड़ी मेहनत करके चुकानी पड़ रही हैं, इसलिए इन वर्गों पर ये अतिरिक्त बोझ न डाला जाए, ताकि आमजन अपना घर बनाने का सपना साकार कर सके।




नारनौल। राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतियोगिता में राव नेतराम स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाया दम

नारनौल। शिक्षा विभाग की ओर से चार दिवसीय खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बाछौद में किया गया। जिसमें राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिया। विद्यालय प्राचार्या अनिता देवी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए बताया कि अंडर 19 में 200 मीटर दौड़ में योगेश सिंह प्रथम व आदित्य द्वितीय, 800 मीटर दौड़ में दीपान्शु द्वितीय, अन्डर 17 की 400 मीटर दौड़ में शुभम द्वितीय, अन्डर 14 आयुवर्ग 400 मीटर दौड़ में रूद्र प्रथम, 200 मीटर दौड़ में अरमान द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में सुमित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि खेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। इस मौके पर विक्रम डीपीई, मनोज कुमार आदि मौजूद थे।

# यदुवंशी कॉलेज की पूजा ने योग में जीते दो गोल्ड मेडल

महेंद्रगढ़। रेवाड़ी के बाल भवन में आयोजित योग प्रतियोगिता में यदुवंशी कॉलेज की छात्रा पूजा ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए योग में दो गोल्ड मेडल हासिल कर अपने माता-पिता के साथ-साथ अपने कॉलेज का भी नाम रोशन किया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने छात्रा पूजा को प्रमाण पत्र देकर उसका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पूजा की यह उपलब्धि उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनून को मेहनत से सींचना चाहते है। संस्था के वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ प्रदीप यादव कॉलेज प्राचार्य बबरू भान ने पूजा की मेहनत समपर्ण और अनुशासन की प्रशंसा करते हुए युवाओं से आग्रह किया की वह भी पूजा से प्रेरणा ले।



महेंद्रगढ़। छात्रा पूजा को सम्मानित करते पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### एनसीसी कैडेट्स को दिया शूटिंग प्रशिक्षण

सतनाली मंडी। यदुवंशी शिक्षा निकेतन सतनाली में 16 बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में 10 दिवसीय वार्षिक ट्रेनिंग कैंप 29 जुलाई से सात अगस्त तक आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप के दौरान विशेष प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल के कमान अधिकारी कर्नल संदीप कुमार ने किया। जिसमें विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स को निशाना साधना, लक्ष्य भेदना व शूटिंग की बारीकियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कैडेट्स ने विभिन्न आधुनिक तकनीकों से शूटिंग सीखी और सटीक निशाना लगाने का अभ्यास किया। प्रशिक्षण के दौरान कमान अधिकारी कर्नल संदीप कुमार ने कैडेट्स को बताया कि निशाना साधने के लिए आत्म नियंत्रण, धैर्य और फोकस को विकसित करने की आवश्यकता होती है। प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने कमान अधिकारी कर्नल संदीप कुमार व उपकमान अधिकारी कर्नल अक्षय माथुर, सूबेदार मेजर दानाराम व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

### सार्वजनिक सूचना

मैं, पवन कुमार एक्स सूबेदार जेसी 413665एच, 23 पैरासूट रेजिमेंट पुत्र श्री योगेंद्र सिंह निवासी गांव ढाणा, तहसील कनीना, जिला महेंद्रगढ हरियाणा का स्थाई निवासी हूं तथा शपथ पत्र क्रमांक 9429 दिनांक 5.8.2025 से बयान करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम श्री योगेन्दर व जन्म तिथि 01.12.1946 व माता का नाम श्रीमति बिमला देवी व जन्म तिथि 01.12.1948 अंकित है। जबकि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम योगेंद्र सिंह व जन्म तिथि 26-01-1948 तथा माता का नाम बिमला व जन्म तिथि 01.04.1948 दर्ज है जो सही एवं दुरूस्त है।




# एसडी स्कूल ककराला में खेल प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडी स्कूल ककराला में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगता का आगाज हुआ। जिसमें खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव सिंह यादव ने बताया कि खो खो में 11 आयुवर्ग में आरएचएम पोता की टीम प्रथम, ग्लोबल स्कूल कलवाड़ी की टीम द्वितीय रही। 14 आयुवर्ग में पीएमश्री भोजावास प्रथम व देवयानी स्कूल बेवल द्वितीय रहा, 17 आयुवर्ग में पीएमश्री भोजावास प्रथम व देवयानी स्कूल बेवल द्वितीय, 19 आयुवर्ग में देवयानी स्कूल प्रथम, जीएसएस स्कूल बागोत द्वितीय, कबड्डी 19 आयुवर्ग में हेरिटेज स्कूल मोहनपुर प्रथम, जीएसएस स्कूल पाथेड़ा द्वितीय, वॉलीबॉल 14 आयुवर्ग में आरएचएम पोता प्रथम, बीआर आदर्श सेहलंग द्वितीय, 17 आयुवर्ग में जीएसएस स्कूल स्याणा प्रथम, आरपीएस कनीना द्वितीय, 19 आयुवर्ग में आरएचएम पोता प्रथम व आरपीएस स्कूल कनीना द्वितीय स्थान रहा। अंडर 19 आयुवर्ग 5000 मीटर लड़कों की दौड़ में हेरिटेज स्कूल का छात्र दिपांशु प्रथम, यूरो का कार्तिक द्वितीय, 17 आयुवर्ग में 3000 मीटर में पीएमश्री भोजावास का छात्र रितिक प्रथम, अर्जुन आरआर ग्रीन स्कूल खेड़ी द्वितीय, 19 आयुवर्ग में सोमवीर जीएसएस बागोत प्रथम, विनयपाल पीएमश्री भोजावास द्वितीय स्थान रहा। 14 आयुवर्ग में शॉटपुट में जिवितेश मोर्डन भोजावास प्रथम, जीत सदासुख स्कूल द्वितीय स्थान रहा, 17 आयुवर्ग में में जीएमएसएसएस स्कूल कनीना हर्षित प्रथम, सूरज एसडी विद्यालय ककराला द्वितीय, 19 आयुवर्ग में साहिल एसडी विद्यालय ककराला प्रथम, मानव यूरो द्वितीय स्थान पर रहा।

19 आयुवर्ग लॉन्ग जम्प में कृष्णा स्कूल गुढ़ा का शुभम प्रथम, दीपक मोर्डन स्कूल द्वितीय, 17 आयुवर्ग में कृष्णा स्कूल का योगेश प्रथम, आरआर ग्रीम खेड़ी का अर्जुन द्वितीय, 14 आयुवर्ग में विनय तंवर आरआर ग्रीन स्कूल खेड़ी प्रथम, अमित बीआर ज्ञानदिप सूरजनवास द्वितीय रहा, 11 आयुवर्ग में दक्ष सदासुख कनीना प्रथम, 19 आयुवर्ग हाई जम्प में प्रिंस आरपीएस स्कूल कनीना प्रथम, दीपक मोर्डन स्कूल भोजावास द्वितीय, 17 आयुवर्ग में योगेश सदासुख कनीना प्रथम, आर्यन डीएवी दौंगड़ा द्वितीय, 14 आयुवर्ग में सदासुख कनीना का छात्र मयंक व हियांशु मोर्डन स्कूल भोजावास द्वितीय रहा। जैवलिन थ्रो 19 आयुवर्ग में साहिल एसडी विद्यालय ककराला प्रथम, नवनीत मोडल संस्कृति स्कूल कनीना द्वितीय, 17 आयुवर्ग में जीएसएस सेहलंग प्रथम, अभिनव एसडी विद्यालय ककराला द्वितीय रहा।



कनीना। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी व वॉलीबाल में प्रतिभा का प्रदर्शन करते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### यौन उत्पीड़न प्रावधानों पर जागरूकता शिविर आयोजित

नारनौल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथामए निषेध और निवारण अधिनियम) 2013 के प्रावधानों पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पैनल अधिवक्ता गिरीबाला यादव ने बताया कि यह अधिनियम कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाली किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न को रोकने व उसका निवारण करने के लिए बनाया गया है। पीड़िता शिकायत निवारण समिति में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। पीड़िता को निवारण प्रदान करने के लिए मुआवजा स्थानांतरण जैसे कई प्रावधान है। इसमें यौन उत्पीड़न के दोषियों को दंडित करने का प्रावधान है। कोई महिला अगर गलत आरोप लगाती है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है।

### सरपंच ग्राम पंचायत रावता की ढाणी (खण्ड निजामपुर)

तह. नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ मो. 8572883348

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रावता की ढाणी की पंचायत भूमि में तीन शैड बने हुए हैं। ग्राम पंचायत के पास आय बढाने के सीमित साधन होने के चलते ग्राम पंचायत अपनी उक्त शैड को खुली बोली के माध्यम से 5 वर्ष हेतु पट्टे पर छोडना चाहती है। जिसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा मौके पर खुली बोली दिनांक 22.08.2025 वार शुक्रवार का प्रातः 10 बजे बोली लगाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति मौके पर हाजिर होकर बोली में भाग ले सकते हैं। बोली की अन्य शर्तें व प्रकिया मौके पर बोली शुरू होने से पहले बताई जाएगी।

सरपंच, ग्राम पंचायत, रावता की ढाणी

**प्रथम चरण में 10 गांव व पांच शहर चयनित, पायलट प्रोजेक्ट के तहत एक माह में तैयार होगी रिपोर्ट**

# 'माई भारत' पोर्टल से जुड़े युवाओं को दिया प्रशिक्षण
# पेयजल और सीवरेज कनेक्शन का करेंगे सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पेयजल व सीवरेज सेवाओं की गुणवत्ता, उपलब्धता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने की दिशा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से एक अभिनव पहल की जा रही है। इस पहल के तहत जिले के विभिन्न गांवों व शहरों में पेयजल तथा सीवरेज कनेक्शन की वास्तविक स्थिति का सर्वे करवाया जाएगा।

यह सर्वे माई भारत पोर्टल से जुड़े युवा स्वयंसेवकों के माध्यम से करवाया जा रहा है, जो सरकार की एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम का हिस्सा हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल जल आपूर्ति और सीवरेज सेवाओं की स्थिति की जानकारी एकत्रित करना है, बल्कि ग्रामीणों को उनके कनेक्शन की वैधता, समस्या समाधान और प्रक्रिया संबंधी जानकारी भी देना है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने माई भारत पोर्टल से जुड़े युवा स्वयंसेवकों को सर्वेक्षण कार्य के लिए प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र अब माई भारत से लेखाकार महेन्द्र सिंह, खंड संसाधन समन्वयक इंद्रजीत, अशोक यादव, विक्रम सिंह, मोहित कुमार, निशू कुमारी, अनीता भाटी, धर्मेंद्र, पूजा रानी सहित कई युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



नारनौल। युवाओं को प्रशिक्षण देते जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा।

इस अवसर पर मंगतुराम सरसवा ने बताया कि यह सर्वे एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है और इसके प्रथम चरण में 10 गांव व पांच शहरों को शामिल किया गया है। चयनित गांवों में इसराना, छितरोली, सिहमा, नियाजलीपुर, धानोता, अमरपुर जौरासी, डोहर खुर्द, बवाना व भांडोर शामिल हैं। गांवों में जल जीवन मिशन व शहरों में अमृत योजना के तहत प्रत्येक युवा स्वयंसेवक को एक गांव या शहर का सर्वे करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे डोर टू डोर जाकर प्रत्येक घर की जलापूर्ति स्थिति, जल की आवृत्ति, जल स्रोत की गुणवत्ता, पेयजल कनेक्शन की वैधता, लीकेज की समस्या तथा दूषित जल की उपस्थिति जैसी जानकारी एकत्रित करेंगे। सर्वे के दौरान यदि कोई अवैध या असुरक्षित कनेक्शन पाया जाता है, तो संबंधित मकान मालिक को वैध कनेक्शन करवाने की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा और कनेक्शन फॉर्म भी वितरित किया जाएगा।

यदि किसी क्षेत्र में लीकेज, सीवरेज जाम या दूषित जल की समस्या पाई जाती है, तो संबंधित जेई को इसकी सूचना दी जाएगी, ताकि समय रहते समाधान हो सके।

### युवाओं को दी तकनीकी व व्यावहारिक जानकारी

प्रशिक्षण सत्र के दौरान युवाओं को विभागीय कार्यप्रणाली, पेयजल आपूर्ति प्रक्रिया, कनेक्शन की तकनीकी मान्यताएं, जल गुणवत्ता के मापदंड, सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें बताया गया कि किस प्रकार मोबाइल ऐप्स या मैन्युअल फार्मेट के माध्यम से डेटा एकत्रित कर रिपोर्ट तैयार की जानी है। मंगतुराम सरसवा ने बताया कि यह सर्वे एक माह में पूर्ण कर रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएगी। सर्वे में मिली जानकारियों के आधार पर ग्रामीण व शहरी जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### स्वतंत्रता उत्सव से जोड़ा जन जागरुकता अभियान स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

इस सर्वे के साथ साथ युवा स्वयंसेवकों को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता उत्सव स्वच्छता के संग जैसे अभियानों की जानकारी भी दी गई। युवाओं ने ग्रामीणों को इन अभियानों के बारे में बताया व सभी को जल संरक्षण तथा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। मंगतुराम सरसवा ने कहा कि इस पायलट प्रोजेक्ट के अच्छे परिणाम सामने आते हैं, तो इसे पूरे जिले में लागू किया जाएगा और चरणबद्ध ढंग से सभी गांवों व शहरों में यह अभियान चलाया जाएगा।

### एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम में युवाओं की भागीदारी

माई भारत के लेखाकार महेन्द्र कुमार ने कहा कि भारत सरकार युवाओं को जमीनी स्तर पर विभागीय गतिविधियों में जोड़कर एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम के तहत उन्हें प्रशिक्षित कर रही है। इससे युवाओं को भविष्य में सरकारी योजनाओं, प्रक्रियाओं और चुनौतियों की बेहतर समझ विकसित होगी। यह उनके करियर के लिए भी लाभकारी होगा और वे अपने क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### शुभम तिवारी बने आदर्श रामलीला के डायरेक्टर

**महेंद्रगढ़।** शहर की सब्जी मंडी के समीप स्थित श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से प्रधान सुरेंद्र बंटी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। कमेटी के प्रधान सुरेंद्र बंटी ने रामलीला में नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया । कार्यकारिणी में डायरेक्टर का पद शुभम तिवारी को सौंपा गया। उप डायरेक्टर कुलदीप सैनी, कलाकार प्रधान नवीन बने।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत और दूसरा घायल

**मंडी अटेली।** अटेली बाईपास के पास नेशनल हाईवे पर हुए सड़क हादसे में घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। नारनौल के मोहल्ला कोलियान निवासी हरदयाल नेबताया कि उसका 24 वर्षीय लड़का विकास अपने दोस्त राकेश के साथ बाइक पर नेशनल हाईवे नंबर 11 से नारनौल आ रहा था।

### नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार उनके कार्यकाल में पुलिस की ओर से तीन नशा तस्करों को पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत नजरबंद कराया गया है, जो लगातार नशा तस्करी में संलिप्त थे। पुलिस ने थाना अटेली के हिस्ट्री शीटर मनोज वासी बिहाली के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कराई गई।

### देवनगर में बराबरी पर छूटी 21 हजार की कुश्ती

**महेंद्रगढ़।** गांव देवनगर में सावन के अंतिम सोमवार को मोटा महादेव का विशाल जागरण, भंडारा और कुश्ती दंगल का का आयोजन किया गया। मोटा महादेव मंदिर ट्रस्ट के सचिव संसार चंद व कैशियर अशोक कुमार ने बताया कि भंडारें में दूर–दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया। मेले में 100 रुपये से लेकर 21,000 रुपये तक की कुश्तियां करवाई गई।
21000 रुपये की कुश्ती बलजीत बागोत और पांडु गोठड़ा के पहलवान के बीच हुई, जो बराबरी पर रही। 11000 रुपये की कुश्ती अनिल बाघोत, 5100 की कुश्ती बिंद्र बाघोत ने जीती।

### बालकिशन गौड़ वाणिज्य मैनेजर के पद पर पदोन्नत

**नारनौल।** उत्तर पश्चिम रेलवे जोन हेडक्वार्टर में कार्यरत बाल किशन गौड़ चीफ बुकिंग ऑफिसर को अपनी योग्यता व काबिलियत के दम पर महाप्रबंधक अमिताभ रेलवे उत्तर पश्चिम ने कॉमर्शियल वाणिज्य प्रबंधक राजपत्रिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति प्रदान कर उन्हें जोधपुर डिवीजन में ज्वाइनिंग प्रदान की। उन्होंने बताया कि गौड़ बहुत ही ईमानदार वकर्तव्यनिष्ठापूर्ण अधिकारी हैं। इस अवसर पर डीआरएम एवं डिविजनल चेयरमैन सौरभ दीक्षित उपस्थित रहे। इस खुशी के अवसर पर उनके परिवार में गौड़ ब्राह्मण सभा के कॉलेजियम सदस्य दीपक शर्मा, उनके भाई कैप्टन रामकिशन, श्याम सुंदर, शुभम कौशिक, हरीश शर्मा ने उनको बधाई दी।

**हुडा रेजिडेंट वेलफेयर ने विरोध प्रदर्शन कर डीसी को सौंपा ज्ञापन**

# सीवरेज के गंदे पानी से घिरा सेक्टर कोई अधिकारी नहीं दे रहा ध्यान

**हुडा सेक्टर एक में पास लगते मोहल्ला मोतीनगर की तरफ से नाले के रूप में आ रहा सीवरेज का गंदा पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सेक्टर एक के लोगों ने सेक्टर में आ रहे गंदे पानी की निकासी न होने के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन किया। इसके बाद सेक्टर के लोगों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन उपायुक्त डॉ. विवेक भारती को सौंपा। जिस पर उपायुक्त ने लोगों की समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

यह ज्ञापन आरडब्ल्यू के प्रधान नरेश चौधरी के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर हुडा रेजिडेंट वेलफेयर प्रधान नरेश चौधरी ने बताया कि तीन चार माह से हुडा सेक्टर एक में पास लगते मोहल्ला मोतीनगर की तरफ से नाले के रूप में सीवरेज का गंदा पानी आ रहा है। जिस कारण सेक्टर एक में काफी गंदगी फैल गई है। आरडब्ल्यूए की ओर से समय समय पर पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया गया, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंदगी के कारण काफी लोग बीमार हो चुके हैं। वहीं सेक्टर में दुर्गंध से लोगों का हाल बेहाल रहता है। कई तरह की बीमारियां भी इससे फैलने का डर बना हुआ है। पानी के कारण लोगों के मकानों में दरारें भी आने लगी हैं। सेक्टर के सभी पार्क भी इस पानी की वजह से लबालब भर गए हैं। जिसके कारण पार्कों में लोगों ने जाना ही बंद कर दिया है।



नारनौल। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती को ज्ञापन सौंपते सेक्टर निवासी।


### मोहल्ला मोतीगनर के लोग भी परेशान


हरिभूमि
नदी की तरह शहर की गलियों में बह रहा सीवरेज का गंदा पानी

सीवरेज के इस गंदे पानी से न केवल सेक्टर के लोग परेशान है, बल्कि मोहल्ला मोतीनगर के निवासी भी काफी परेशान है। मोहल्ले की गलियों में सीवरेज का गंदा पानी नदी की तरह बह रहा है। प्रशासन को हर स्तर पर शिकायत दी गई है, लेकिन समाधान करने को कोई तैयार नहीं है। पक्की सड़कों पर घरों के बाहर सीवरेज हॉल से गंदा पानी बह रहा है। शिकायतें हुई, लेकिन सुनवाई नहीं। मोतीनगर वासियों ने विधायक से लेकर सीएम तक, नगर परिषद चेयरपर्सन से लेकर डीसी तक की शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। मानवाधिकार आयोग को भी पत्र लिखा गया, लेकिन छह से छह से सात साल पुरानी इस समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। जिससे लोग बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं और बच्चों में पिलिया बीमारी की भी शिकायत है। ऐसे में यह समस्या बहुत गंभीर बनी हुई है। जिसकी तुरंत समाधान की जरूरत है।

### सेक्टर के सीवरेज भी बंद पड़े

प्रधान ने बताया कि सेक्टर एक में सीवरेज भी बंद पड़े हैं। जिनको साफ कराने के लिए सेक्टर के लोग व उनका संगठन कई बार अधिकारियों से मिल चुका है, लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मोतीनगर मोहल्ले की ओर से सीवरेज का पानी दो वर्ष के करीब से आ रहा है, लेकिन प्रशासन इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मजबूरन उनको विरोध प्रदर्शन व घेराव करना पड़ेगा। इस मौके पर वासुदेव यादव, संजय गर्ग, महेंद्र सिंह, सुरेश चौधरी, जिलेसिंह, मनोज शास्त्री आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में भाग लेते पार्टी के पदाधिकारी।

# शहीदों का सम्मान करना हमारा परम कर्तव्य : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

- इनसो के 23वें स्थापना दिवस पर शहीद सम्मान समारोह

ए मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानी जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुबार्नी। जो कोम अपने देश पर मर मिटने वाले शहीदों को भुला देती है उसका कोई वजूद नहीं रहता और ना ही वह कही तरक्की कर सकती।

यह विचार इनसो के 23वीं स्थापना दिवस पर आयोजित शहीद सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि जेजेपी के पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा ने यादव सभा में शहीदों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। इससे पहले उन्होंने शहीदों की याद में दीप प्रज्वलित कर फूल और पुष्पांजलि अर्पित कर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने मंच संचालन किया और इनसो के प्रदेश उपाध्यक्ष अनमोल गुप्ता दिनेश राजपूत हल्का प्रधान ने आए हुए शहीद के परिवार के सदस्यों का और मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पे 67 शहीद परिवारों को सम्मानित किया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता विजय छीलरो, हैप्पी, योगी, सतपाल परीकरा, हिमांशु, अशोक राजपूत, अमित अदलपुर, महिपाल नंबरदार, सुनील जेवली, वीरेंद्र घटाशेर, नारनौल हल्का प्रधान सुरेंद्र पटिकारा, अटेली प्रधान बेदू राता, सुरेश शास्त्री, सिकंदर गहली, रवींद्र गागड़वास, विष्णु डाबर, कैलाश पालड़ी, हरचंद मास्टर, जयवीर फौजी, नवीन राव, सतीश डागर, रत्न सोनी, राजकुमार जांगड़ा, धर्मवीर प्रधान, महेंद्र खन्ना, ईश कुमार, केशव वर्मा, जोगिंद्र कोच, धर्मवीर पहलवान, संजीव पहलवान, अजय गुज्जर, छोटू पहलवान आदि उपस्थित थे।

# बकाया एरियर को लेकर पालिका कर्मियों का धरना 15वें दिन भी जारी

- कर्मचारियों व यूनियन ने कल से काम छोड़ हड़ताल करने का निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बकाया एरियर देने की मांग को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई ने अपनी मांगों के बारे में 15वें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। कर्मचारियों ने अपनी मांगों के लिए संवैधानिक तरीके से धरना प्रदर्शन किया, लेकिन नगर प्रशासन ने कर्मचारियों की मांगों की बातों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया, जबकि कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों से लेटर के माध्यम से अवगत किया जा चुका है।

उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं की जा रही। इससे कर्मचारियों में रोष है। इसलिए कर्मचारियों व यूनियन ने कल से काम छोड़ हड़ताल करने का निर्णय लिया है। नगर परिषद नारनौल के सभी कर्मचारी हड़ताल करेंगे। इसका जुम्मेवार स्वयं नगर प्रशासन नारनौल होगा। इस आंदोलन की अध्यक्षता इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया ने की। धरने को संबोधित करते सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सचिव महेंद्र सिंह बोयत, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सगेलिया, जिला प्रधान राहुल सारवान, सचिव महावीर प्रसाद, सुनील बोयत, मनोज कुमार, भूपेंद्र दरोगा, भीम सिंह, निरंजन लाल, राजू, रोशन, दीपक, आशु, कमल, श्याम सुंदर, दौलत, संतलाल, राजेश, विक्की, रॉकी, विक्रम सिंह, सुरेंद्र, संतलाल, राजेश, देवानंद, नीरज, मनोज देवी, सुनीता देवी, निर्मला देवी, ममता देवी, बबली देवी, मंजू देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, निर्मला देवी, सुनीता देवी, कांता देवी, उर्मिला देवी, सविता, मीनू, मंजू देवी व बबिता आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



नारनौल। धरने को संबोधित करते जिला प्रधान राहुल सारवान।

### पाइप लाइन टूटने की वजह से लोग दूषित पानी पीने को मजबूर

**मंडी अटेली।** पिछले चार दिनों से सिहमा में अनुसूचित जाति बोरवेल की पेयजल पाइप लाइन टूटने की वजह से लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। जनस्वास्थ्य विभाग को अवगत भी करने के बावजूद भी कर्मचारियों व अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। ग्रामीण बनवारी लाल, पूर्व पंच नौरंग लाल, दीपक कुमार व नीरज ने बताया कि पिछले चार दिनों से गंदगी युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। इस टूटी पाइप लाइन की और कई बार सूचना देने के बाद भी जनस्वास्थ्य विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। इस गंदगी युक्त पानी इस्तेमाल करने से भयंकर बीमारी हैजा, डायरिया, डेंगू, मलेरिया आदि फैलना का खतरा बना हुआ है। इस पाइप लाइन का पानी सड़क पर फैल रहा है, जिसके कारण गड्ढा बना हुआ है। पाइपलाइन टूटी होने के कारण जब भी पानी की सप्लाई आती है तो पानी एकदम मटमैला, बदबूदार व विषैला होता है। वहीं यह पाइप लाइन नाले के नीचे से गुजरती है तथा पाईप लाईन लीक होने के कारण नाले का पानी भी मिक्स होकर लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। गंदे व विषैले पानी के इस्तेमाल के कारण महामारी फैलने का खतरा बना हुआ है।

# नपा अटेली के सचिव प्रशांत पाराशर ने संभाला कार्यभार

- कर्मचारियों की बैठक लेकर स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली नगर पालिका सचिव अनिल कुमार का बावल नगर पालिका में तबादला होने के उपरांत बावल नगर पालिका से आए नगर पालिका सचिव प्रशांत पाराशर ने मंगलवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। वहीं नगर पालिका कर्मचारियों की बैठक लेकर उनको निर्देश दिए गए स्वच्छता अभियान विशेष ध्यान दिया जाए।

शहर को साफ–सुथरा रखने के लिए कर्मचारियों की संख्या कम पड़ती है तो और कर्मचारी उपलब्ध कराए जाएंगे। कर्मचारियों को कहा गया कि कोई कमियां हैं तो उनसे अवगत कराया जाए, ताकि समय पर कार्य पूरे हो सकें। शहर की साफ–सफाई को लेकर विशेष फोकस रखा गया। शहर के अतिक्रमण के बारे में बताया कि शहर के लोगों को अतिक्रमण रोड पर नहीं करने के लिए प्रेरित करें, जिन लोगों ने पक्के अतिक्रमण किए हुए हैं। उनको सूचित करें सूचित करने के उपरांत भी अगर अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो नगर पालिका प्रशासन की तरफ से अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

शहर को साफ-साफ स्वच्छ रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अगर कोई खुले में कचरा डालते हैं तो उनके चालान काटे जाएंगे।



मंडी अटेली। कार्यभार संभालने के बाद बैठक लेते नगर पालिका सचिव प्रशांत पाराशर।

**नागरिकों की सुरक्षा व अपराधियों पर नकेल कसने के लिए एक्शन मोड़ में पुलिस**

# शहर की मुख्य पुलिस चेक पोस्ट पर विशेष कमांडो तैनात

- संदिग्ध गतिविधियों पर रखी जा रही कड़ी नजर
- पुलिस के अधिकारी भी करेंगे कमांडो की मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए शहर की मुख्य पुलिस चेक पोस्ट पर स्पेशल कमांडो तैनात किए हैं, जो नागरिकों की सुरक्षा के साथ साथ अपराधियों पर नकेल कसने के लिए भी पूरे एक्शन मोड़ में हैं। एसपी पूजा वशिष्ठ के निर्देशों के अनुसार पुलिस नाकों पर बाहर से आने वाले नागरिकों व वाहनों की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कहा कि उनकी प्राथमिकता है कि हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे। कमांडो की तैनाती से न केवल अपराधों की रोकथाम होगी, बल्कि आम लोगों का पुलिस पर विश्वास भी बढ़ेगा। जब लोग देखेंगे कि पुलिस सड़कों पर सक्रिय है, तो निश्चित रूप से अपराध करने की सोच रखने वाले लोग पीछे हटेंगे। विशेष कमांडो की तैनाती से न केवल संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि अपराधियों के मन में भय बना रहे। उन्होंने बताया कि कमांडो की ओर से लगातार गश्त की जा रही है। कमांडो की ओर से गश्त के दौरान पुलिस के अधिकारी भी उनकी मदद करेंगे, ताकि कोई भी आपात स्थिति का तुरंत सामना किया जा सके। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि कानून व्यवस्था बनी रहे।



नारनौल। कार की जांच करते विशेष कमांडो।

### बाहर से आने वाले नागरिकों की जांच

उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य पुलिस चेक पोस्ट पर अतिरिक्त कमांडो तैनात किए हुए हैं। ये कमांडो संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हैं और बाहर से आने वाले नागरिकों तथा वाहनों की गहनता से जांच करते हैं। इसके अतिरिक्त कमांडो की एक क्यूआरटी भी बनाई हुई है।

### पुलिस का सहयोग करें नागरिक : एसपी

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कहा कि इससे न केवल सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि यह नागरिकों के मन में पुलिस के प्रति एक सकारात्मक छवि भी स्थापित करेगा। पुलिस की सक्रियता से हर नागरिक को यह एहसास होगा कि वे अकेले नहीं हैं और सुरक्षा के लिए पुलिस हमेशा तत्पर है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे पुलिस का सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

### ओशिन शुक्ला को राष्ट्रीय स्तर पर मिला साहित्य गौरव सम्मान

**नारनौल।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था काव्य रसिक संस्थान की ओर से प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की साहित्यिक इकाई के अध्यक्ष एवं युवा कवि ओशिन शुक्ला को साहित्य गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि काव्य रसिक संस्थान की एेर से गत शाम एक राष्ट्रीय ऑनलाइन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें देशभर के साहित्यकारों की सहभागिता रही। नारनौल के युवा रचनाकार ओशिन शुक्ला ने कार्यक्रम का संचालन किया। कवि सम्मेलन में शानदार काव्य प्रस्तुति तथा उत्कृष्ट साहित्यिक गतिविधियों के लिए ओशिन शुक्ला को यह सम्मान दिया गया है। चौरासिया सभा के पदाधिकारी पवन शुक्ला ने बताया कि ओशिन काफी समय से साहित्यिक गतिविधियों में शामिल होकर समाज व परिवार का मान बढ़ा रहा है। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि ओशिन ने अनेक कवि सम्मेलनों में काव्य प्रस्तुति दी है।